# बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की एक साइड पर 31 से भरें फर्राटा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ: सरकार की प्राथमिकता में शामिल बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का लोकार्पण इसी महीने का लक्ष्य तय है। दावा भी किया गया है कि 31 दिसंबर तक एक्सप्रेसवे की एक साइड यातायात के लिए खोल दी जाएगी, जबकि दोनों साइड अगले वर्ष 30 अप्रैल तक शुरू होंगी।

मुख्य सचिव आरके तिवारी ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित प्रोजेक्ट मानीटरिंग ग्रुप की बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए काम को गति दें। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का एक साइड यातायात के लिए 31 दिसंबर तक खोला जाना है। बाकी काम को तेजी से पूरा किया जाए। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। कहा कि इसकी भी एक साइड जून, 2022 तक खोलने का लक्ष्य है। उसी के अनुसार टाइमलाइन बनाकर काम करें। डिफेंस कारिडोर की समीक्षा में उन्होंने लखनऊ नोड में लैंडबैंक बढ़ाने के साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे के प्रस्तावित शिलान्यास के लिए सभी तैयारियां समय से पूरा कराने पर जोर दिया।

परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण करते हुए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि एक्सप्रेसवे का निर्माण निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार किया जा रहा है। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे की एक साइड 31 दिसंबर तक और दोनों साइड 30 अप्रैल, 2022 तक यातायात के लिए खोल दी जाएंगी। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे का काम भी तेजी से चल रहा है।

Scanned with CamSca